वन विहार की वेबसाइट नये स्वरूप में हुई लॉन्च

चर्चा में क्यों?

18 जून, 2022 को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान और चिड़ियाघर की नई पुन: डिजाइन और पुनर्विकसित वेबसाइट: www.vanviharnationalpark.org लॉन्च की गई है। इस नई वेबसाइट को वन विहार में नवीनतम घटनाओं, समाचारों और जनता को अद्यतन/अपडेटेड रखने के लिये डिजाइन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- आधुनिक समय के साथ तालमेल बिठाते हुए वेबसाइट में एक आधुनिक रेस्पॉन्सिव कोडिंग और डिजाइन है। वेबसाइट को, जिस भी डिवाइस पर ओपन किया जाएगा, यह वेबसाइट उस डिवाइस की स्क्रीन के आकार में स्वयं को स्वतः समायोजित कर लेगी।
- वन विहार के सभी सोशल मीडिया पेजों को भी नई वेबसाइट से जोड़ा गया है। आमजन वन विहार के फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्वीटर प्रोफाइल को वेबसाइट से ही देख सकते हैं।
- वेबसाइट लगभग दैनिक आधार पर अपडेट की जाएगी और जनता अपलोड के कुछ ही मिनिटों में इसे देख सकेगी। नवीनतम जानकारी को अद्यतन करने के लिये लगभग शून्य मिनिट प्रतीक्षा अवधि रहेगी।
- वन विहार से संबंधित नवीनतम समाचारों को होम पेज पर एक समूह के रूप में संकलित और प्रदर्शित किया जाएगा और साथ ही प्रत्येक समाचार के लिये अलग-अलग विस्तृत पेज भी होगा।
- नवीनतम और महत्त्वपूर्ण दस्तावेज जैसे ब्रोशर आदि जनता के लिये डाउनलोड के लिये उपलब्ध होंगे। गैलरी अनुभाग को नवीनतम तस्वीरों के साथ नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/van-vihar-website-launched-in-new-form